दमण से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Asli Azadi Dainik @AsliAzadiDainik    asliazadidainikofficial

# असली आज़ादी

The Voice of Union Territory Dadra and Nagar Haveli and Daman-Diu Since 2005    www.asliazadi.com

■ वर्षः 21, अंकः 170 ■ दमण, गुरुवार 26, मार्च 2026 ■ पृष्ठः 8 ■ मूल्यः 2 रु ■ RNI NO-DDHIN/2005/16215 ■ संपादक- विजय जगदीशचंद्र भट्ट

## गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में यूसीसी विधेयक पारित होने पर मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल को बधाई दी

■ देश में हर नागरिक के लिए एक समान कानून हो, यह हमारी पार्टी की सरकार की स्थापना से ही संकल्प रहा हैः अमित शाह ■ मोदी जी के नेतृत्व में हमारी पार्टी की राज्य सरकारें इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैंः गृह मंत्री अमित शाह ■ मुझे हर्ष है कि उत्तराखंड के बाद अब गुजरात ने भी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित करने का ऐतिहासिक कार्य कर अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई हैः गृह मंत्री अमित शाह ■ देश तुष्टीकरण के आधार पर नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के लिए समान कानून से चले, यह हमारी प्राथमिकता भी है और संकल्प भी हैः गृह मंत्री अमित शाह



पीआईबी, नई दिल्ली 25 मार्च। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित होने पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और इस बिल को समर्थन देने वाले सभी विधायकों को बधाई दी। एक्स पर जारी एक पोस्ट मे अमित शाह ने कहा कि देश में हर नागरिक के लिए एक समान कानून हो, यह हमारी पार्टी की सरकार की स्थापना से ही संकल्प रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में हमारी पार्टी की राज्य सरकारें इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। मुझे हर्ष है कि उत्तराखंड के बाद अब गुजरात ने भी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित करने का ऐतिहासिक कार्य कर अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है। इसके लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल और इस बिल को समर्थन देने वाले सभी विधायकों को बधाई देता हूँ। देश तुष्टीकरण के आधार पर नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के लिए समान कानून से चले, यह हमारी प्राथमिकता भी है और संकल्प भी है।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥

પ્રથમ પુણ્યતિથિએ શ્રદ્ધાંજલિ



સ્વ. અખ્ખુભાઈ નમલાભાઈ પટેલ

(જન્મ.: 02–06–1949 સ્વ. તા. 26–03–2025)

આપની આકસ્મિક વિદાયથી અમારા સૌના દિલને હચમચાવી ગયા.
પલભરમાં અમને નિરાધાર બનાવી ગયા. આપની હયાતીની અમોને
ખૂબ જ જરૂર હતી. આપે જીવનભર સખત પરિશ્રમ કર્યો.
શૂન્યમાંથી સર્જન કરી પરિવાર માટે ફૂલોની ચાદર બિછાવી ગયા.
પરિવારના કલ્યાણને જ પોતાનું ધ્યેય બનાવી જીવ્યા.
પોતે કષ્ટ વેઠી અમને સુખ આપી ગયા અમારી આંખો સતત તમોને શોધે છે.
આપ જ્યાં પણ હશો પરમ કૃપાળુ પરમાત્મા આપના દિવ્ય આત્માને પરમ
સુખ–શાંતિ અર્પે એજ પ્રાર્થના.

લિ.

સવિતાબેન અખ્ખુભાઈ પટેલ (પત્ની)

| | |
|---|---|
| કેયુર અખ્ખુભાઈ પટેલ (પુત્ર) | વૈશાલી કેયુર પટેલ (પુત્રવધુ) |
| મિતેશ અખ્ખુભાઈ પટેલ (પુત્ર) | ફોરમ મિતેશ પટેલ (પુત્રવધુ) |
| હિમાંશુ ડાહ્યાભાઈ પટેલ (જમાઈ) | નિરંજના અખ્ખુભાઈ પટેલ (પુત્રી) |
| ધ્યેયા હિમાંશુ પટેલ (દોહિત્રી) | વૈષ્ણવી કેયુર પટેલ (પૌત્રી) |

જતન મિતેશ પટેલ (પૌત્રી)

સ્થળ: બંગલા નં. ૧, દત્ત સાગર, એરપોર્ટ રોડ, મશાલ ચોક, નાની દમણ.

## दमण के मीरासोल रिसोर्ट में आयोजित हुई 24वीं यूटीएलबीसी की बैठक



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 25 मार्च।

24वीं यूटीएलबीसी (Union Territory Level Bankers Committee) बैठक का आयोजन आज दमण के मीरासोल रिसोर्ट में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता ललित त्यागी, कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ बडौदा और प्रशासक के सलाहकार अंकुर गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से की गई। इस बैठक में अमरेश रंजन, क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई, डॉ. विवेक कुमार, विशेष सचिव (वित्त), के. के. सिंह, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, देवेंद्र डी. बोंडे, उप महाप्रबंधक, आरबीआई, देवेश परमार, उप महाप्रबंधक, नाबार्ड, ललित बार्डिया, उप महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, विभिन्न बैंकों के नियंत्रक प्रमुख एवं संघ प्रदेश प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण सुझावों एवं कार्य बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर उन्हें अंतिम रूप दिया गया। इस दौरान कई मुख्य सुझाव दिये गये। जिसमें कृषि एवं निर्यात समर्थन के तहत यूटीएलबीसी संयोजक (बैंक ऑफ बड़ौदा) द्वारा बैंकों से सुझाव प्राप्त कर कृषि एवं निर्यात ऋण हेतु एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिसे आरबीआई के समन्वय से प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें कृषि यंत्रीकरण, धान से वस्त्र लिंक, मछली प्रसंस्करण हेतु वित्त, मत्स्य केसीसी का पूर्ण संतृप्ति जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया। एमएसएमई एवं सामाजिक सुरक्षा के तहत यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक एमएसएमई ऋण को कर्मचारियों के लिए अटल पेंशन योजना से जोड़ा जाएगा, जिससे सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ किया जा सके। जिन बैंकों का सीडी अनुपात 60% से कम है (उदाहरणतः एसबीआई), उन्हें एक तिमाही के भीतर सुधारात्मक कार्य योजना प्रस्तुत करनी होगी। फार्मा (दमण), याम (दानह) एवं समुद्री उत्पाद (दीव) जैसे क्षेत्रों में वितरित ऋण एवं निर्धारित लक्ष्य के बीच अंतर को ध्यान में रखते हुए निर्यात ऋण को बढावा देने हेतु विशेष प्रयास किये जाएंगे। दीव हेतु विशेष रणनीतियां बनाई गई। जिसमें 90 दिनों के लिए विशेष टीमों की तैनाती कर मत्स्य केसीसी का पूर्ण संतृप्ति सुनिश्चित किया जाएगा तथा 250 बस्तियों में 250 से ज्यादा नए लाभार्थी जोडे जाएंगे। 150 पर्यटन व्यवसायों (जैसे होमस्टे, झोपड़ियां और जल क्रीड़ाएं) के लिए एक विशेष ऋण योजना शुरू की जाएगी, जिसके अंतर्गत निर्माण एवं कार्यशील पूंजी हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। अवसंरचना एवं प्रशिक्षण के तहत कम से कम एक अतिरिक्त आरसेटी (RSETI) (उदाहरणतः एसबीआई द्वारा प्रायोजित) स्थापित किया जाएगा। 1000 से अधिक व्यक्तियों को तटीय सूक्ष्म व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इन पहलों को मुद्रा ऋण से जोड़ा जाएगा, जिससे उद्यमिता को प्रोत्साहन मिले। महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण अपनाते हुए 100% स्वयं सहायता समूह ऋण लिंकिंग, डिजिटल ऑनबोर्डिंग सुनिश्चित की जाएगी। महिला व्यवसाय प्रतिनिधियों की संख्या बढाकर 30% NSFI लक्ष्य प्राप्त किया जाएगा। वित्तीय साक्षरता एवं सुरक्षा बावत डिजिटल भुगतान एवं साइबर सुरक्षा हेतु यूटीएलबीसी की एक उप-समिति गठित की जाएगी। ग्राहकों को जागरूक करने के लिए पुनः-केवाईसी (re-KYC) अनुपालन एवं अप्राप्त जमा (Unclaimed Deposits) से संबंधित मुद्दे पर अभियान चलाए जाएगा।

## दमण-दीव सांसद उमेश पटेल ने दिवालियापन एवं दिवालिया संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 पर लोकसभा में रखे विचार

■ सांसद उमेश पटेल ने विधेयक के कई सकारात्मक पहलुओं की सराहना कीः विधेयक से जुडे कई मुद्दों को उठाते हुए सुझाव भी दिये



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली 25 मार्च। दमण-दीव सांसद उमेश पटेल ने आज लोकसभा में दिवालियापन एवं दिवालिया संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 पर चर्चा के दौरान अपने विचार रखते हुए विधेयक के विभिन्न पहलुओं पर संतुलित एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना, बैंकिंग प्रणाली को सुरक्षित रखना तथा निवेशकों का विश्वास बनाए रखना है-जिसका वे समर्थन करते हैं। उन्होंने विधेयक के कई सकारात्मक पहलुओं की सराहना करते हुए कहा कि समयबद्ध समाधान प्रक्रिया को सशक्त बनाने का प्रयास, लेनदार-संचालित तंत्र को मजबूत करना, एनसीएलटी/एनसीएलएटी की कार्यक्षमता में सुधार, ईज ऑफ डुइंग बिजनस को बढावा ये सभी कदम भारत की आर्थिक संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। हालांकि सांसद उमेश पटेल ने विधेयक से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को भी उठाया। जिसमें छोटे सप्लायर, एमएसएमई और परिचालन लेनदार के हितों की पर्याप्त सुरक्षा, दिवालियापन मामलों में हो रहे अत्यधिक विलंब (300-400 दिन तक), 70-80% तक के haircuts, जिससे value destruction की आशंका, पूर्व-पैकेज्ड दिवालियापन में पारदर्शिता और निष्पक्षता के सवाल, कर्मचारियों और श्रमिकों के भविष्य की अनिश्चितता शामिल हैं। सांसद उमेश पटेल ने सरकार के समक्ष ठोस सुझाव रखते हुए कहा कि एमएसएमई और ऑपरेशनल क्रेडिटर्स के लिए न्यूनतम गारंटीकृत भुगतान तंत्र लागू किया जाए, एनसीएलटी में न्यायाधीशों एवं तकनीकी सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए, समाधान प्रक्रिया में सख्त जवाबदेही और ऑडिट प्रणाली लागू हो, haircuts पर स्पष्ट औचित्य ढाँचा या सीमा निर्धारित की जाए, कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु विशेष सुरक्षा कोष बनाया जाए जैसे शामिल हैं। अपने वक्तव्य के अंत में सांसद उमेश पटेल ने कहा कि कानून ऐसा होना चाहिए जो केवल बैंकों को नहीं, बल्कि छोटे उद्योगों, कामगारों और पूरे आर्थिक तंत्र को बचाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे इस विधेयक का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि इसे और अधिक न्यायसंगत, पारदर्शी एवं संतुलित बनाने के उद्देश्य से अपने सुझाव रख रहे हैं।

## ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत पांडुलिपियों के संरक्षण हेतु राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण एवं जनसहभागिता

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 25 मार्च। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की प्रमुख पहल ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत देश की समृद्ध पांडुलिपि धरोहर की खोज, अभिलेखीकरण, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण के लिए राष्ट्रव्यापी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 16 मार्च 2026 से पांडुलिपि भंडारों का राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण प्रारंभ किया गया है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों, पुस्तकालयों, मंदिरों, मठों, संस्थानों तथा निजी संरक्षकों के पास उपलब्ध पांडुलिपियों का दस्तावेजीकरण करना है। यह पहल पूर्णतः शैक्षणिक, गैर-हस्तक्षेपकारी तथा दस्तावेजीकरण आधारित है, जिसमें संरक्षकों के स्वामित्व, संस्थागत स्वायत्तता एवं स्थानीय संवेदनशीलताओं का पूर्ण सम्मान सुनिश्चित किया जाता है। सभी नागरिकों, संस्थानों, शोधकर्ताओं एवं पांडुलिपि संरक्षकों से अनुरोध है कि वे अपने पास उपलब्ध पांडुलिपियों की जानकारी साझा करें तथा उन्हें राष्ट्रीय डिजिटल भंडार में अपलोड करने हेतु आगे आएं। सर्वेक्षण प्रक्रिया में संलग्न अधिकृत सर्वेक्षकों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा के संरक्षण हेतु इस महत्वपूर्ण पहल में सक्रिय भागीदारी निभाएं। यह पहल भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के संरक्षण एवं उन्हें भावी पीढ़ियों के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अधिक जानकारी हेतु संबंधित व्यक्ति कार्यालय, निदेशक-सह-संयुक्त सचिव, कला एवं संस्कृति/पर्यटन विभाग, चौथी मंजिल, विद्युत भवन, सचिवालय दमण से दूरभाष क्रमांक 0260-2250002 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सांसद उमेश पटेल ने दमण एवं दीव में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की समस्याओं के समाधान को लेकर भारत के महापंजीयक के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

■ सांसद उमेश पटेल ने दमण एवं दीव में ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन के बाद उत्पन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं की ओर कराया ध्यानाकर्षणः सिस्टम में डेटा उपलब्ध होने के बावजूद वेरीफिकेशन हो रहा असफल ■ अधिकारियों ने इस विषय पर तत्काल कार्यवाही शुरु करने का दिलाया भरोसाः बर्थ और डेथ नाम करेक्शन के लंबित मामलों का 1 महीने के भीतर निपटारा किया जाएगा



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली 25 मार्च। दमण-दीव के सांसद उमेश पटेल ने दमण एवं दीव में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की समस्याओं के समाधान को लेकर आज नई दिल्ली स्थित गृह मंत्रालय के कार्यालय में भारत के महापंजीयक के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान सांसद उमेश पटेल ने दमण एवं दीव में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्रों से जुडी गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक के दौरान सांसद उमेश पटेल ने दमण और दीव क्षेत्र में ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन-विशेष रूप से पंचायतों के पृथक्करण के बाद उत्पन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि पुराने रिकॉर्ड नई पंचायत सीमाओं से मेल नहीं खाने के कारण डिजिटल पोर्टल पर Address mismatch (पते का मेल न खाना) जैसी त्रुटियां आ रही हैं, जिससे हजारों नागरिक अपने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने में असमर्थ हैं। सांसद ने यह भी अवगत कराया कि सिस्टम में डेटा उपलब्ध होने के बावजूद वेरीफिकेशन असफल हो रहा है। छोटे-छोटे सुधारों के लिए नागरिकों को दिल्ली तक निर्भर रहना पड रहा है। हजारों आवेदन लंबित हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि इस विषय पर तत्काल कार्यवाही शुरू की जाएगी। साथ ही अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया है कि बर्थ और डेथ नाम करेक्शन के लंबित मामलों का 1 महीने के भीतर निपटारा किया जाएगा, तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक सुधार किए जाएंगे, स्थानीय स्तर पर प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। सांसद उमेश पटेल ने कहा कि डिजिटल व्यवस्था का उद्देश्य नागरिकों को सुविधा देना है, लेकिन यदि वहीं व्यवस्था लोगों के लिए बाधा बन जाए, तो उसमें सुधार करना सरकार की जिम्मेदारी है। इसकी जानकारी दमण-दीव सांसद उमेश पटेल ने कार्यालय द्वारा जारी प्रेसनोट के माध्यम से दी गई है।

# मोटी दमण उप कारागार में कैदियों के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 25 मार्च। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण दमण और एडवोकेट बार एसोसिएशन दमण के सहयोग से आज मोटी दमण उप कारागार में कैदियों के लिए आज कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण दमण की सदस्य सह सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रणिता पी. भारसकडे वाघ ने बंदियों-कैदियों को उनके अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कानूनी साक्षरता शिविर का उद्देश्य बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, जैसे मुफ्त कानूनी सहायता (बंदियों को उनके अधिकारों के प्रति शिक्षित करना, विशेषकर गरीब और असहाय कैदियों को जो वकील नहीं रख सकते), जमानत, और त्वरित सुनवाई के प्रति जागरूक करना है। शिविर में अधिवक्ता अल्पेशकुमार दमणिया ने प्ली बारगेनिंग के बारे में बताया कि यह एक ऐसी कानूनी प्रक्रिया है जिसमें आरोपी, सजा कम कराने के बदले में अपना अपराध स्वीकार करता है। यह अंडर ट्रायल्स (विचारधीन कैदियों) को जमानत, कानूनी सहायता और त्वरित सुनवाई का संवैधानिक अधिकार है। यह व्यवस्था जेलों में भीड कम करने और मुकदमों के शीघ्र निपटान में मदद करती है। वकील मयंक पटेल ने बताया कि बंदियों को निःशुल्क वकील उपलब्ध कराना और उनके मुकदमों की पैरवी सुनिश्चित करना है। वकील प्रिंस छीपा ने कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रकट किया।

# दमणः खारीवाड के श्री झरीमरी माता और श्री नीलकंठ महादेव मंदिर का मनाया गया पाटोत्सव

■ सुबह से शाम तक आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का बडी संख्या में भक्तों ने लिया लाभ





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 25 मार्च। दमण के खारीवाड विस्तार स्थित श्री झरीमरी माता मंदिर का 19वां और श्री नीलकंठ महादेव मंदिर का 18वां पाटोत्सव आज हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सुबह 9.40 बजे महापूजा की गई। इसके बाद सुबह 10.30 बजे से पालकी यात्रा निकाली गई। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालू शामिल हुए। इस अवसर पर डीएमसी काउंसिलर जयंती पटेल और दमण-दीव के पूर्व सांसद लालू पटेल मुख्य रुप से उपस्थित रहे। दोपहर 1 बजे से महाप्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण किया।

# ओबीसी मोर्चा के केन्द्रीय कार्यालय ने भाजपा नेता विशाल टंडेल को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में 20 सीटों की दी जिम्मेदारी, बनाया इंचार्ज

■ संघ प्रदेश थ्रीडी भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य और गुजरात राज्य भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी विशाल टंडेल ने दादरा नगर हवेली और दमण-दीव में बसने वाले पश्चिम बंगाल के लोगों से की अपीलः बंगाल में डबल इंजन की सरकार बनाने में बने सहभागी ■ पश्चिम बंगाल के चुनाव प्रचार में होने की वजह से दमण में आयोजित होने वाले श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल न हो पाने पर विशाल टंडेल ने जताया खेद




असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 25 मार्च। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। शीर्ष भाजपा नेतृत्व ने भाजपा पदाधिकारियों को चुनाव प्रचार सहित अन्य जिम्मेदारियां सौंप दी है। इसी क्रम में संघ प्रदेश थ्रीडी भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य और गुजरात राज्य भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी विशाल टंडेल को पश्चिम बंगाल चुनाव में 24 साउथ परगना में 3 लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मथुरापुर, जॉयनगर और डायमंड हार्बर जिले की कुल 20 विधानसभा सीटों का विशाल टंडेल को इंचार्ज बनाया गया है। ओबीसी मोर्चा के केन्द्रीय कार्यालय द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए भाजपा नेता विशाल टंडेल पश्चिम बंगाल पहुंच चुके हैं। भाजपा नेता विशाल टंडेल ने प्रेसनोट जारी कर बताया है कि पश्चिम बंगाल के चुनाव में सौंपी गई इस जिम्मेदारी के लिए मैं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का विशेष आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार होने के चलते इस बार दमण में श्री रामनवमी पर आयोजित होने वाले राम जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल न हो पाने के लिए खेद जताया और क्षमा भी मांगी है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के चरणों में मैं प्रार्थना करता हूं कि सबको सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करें। आप सभी को रामनवमी को हार्दिक बधाई। भाजपा नेता विशाल टंडेल ने कहा कि बंगाल के जो भाई-बहन संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव में बसे हुए हैं वे अपने-अपने घरों में बंगाल में अपने मित्रमंडल, परिवार एवं सगे संबंधियों को इस बार भाजपा उम्मीदवार को जीताने के लिए सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इस बार जो बदलाव की लहर चल रही है, उसमें शामिल होकर टीएमसी के कुशासन को निकालकर भाजपा का शासन स्थापित करें। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से अपील करता हूं कि यह सही समय है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा का शासन स्थापित कर डबल इंजन की सरकार बनाये। उन्होंने कहा कि जिस तरह से यूपी, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा और अन्य सभी राज्यों और प्रदेशों में डबल इंजन की सरकार है और जिस तेजी एवं रफ्तार से विकास हो रहा है उसी तरह से बंगाल में भी विकास होगा। युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों के लिए अनेक योजनायें बनेगी। इसके लिए मौका है कि इस चुनाव में भरपूर सहयोग देते हुए भारतीय जनता पार्टी के कमल निशान वाले सभी उम्मीदवारों को भारी बहुतमत से चुनाव जितायें और बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार की स्थापना करने में सहभागी बने।

# बदलते पर्यावरण को समझने के लिए नासा-ईसरो तैयार

पीआईबी, अहमदाबाद 25 मार्च। पृथ्वी के निरीक्षण के लिए एक ऐतिहासिक भागीदारी में निसार (NASA-ISRO सिंथेटिक अपर्चर रडार) सैटेलाइट अभी स्पेस में धरती का चक्कर लगा रहा है। यह सैटेलाइट एक हाई-टेक माइक्रोस्कोप की तरह काम करता है जो धरती की सतह पर मिलीमीटर के साइज के बदलावों का भी पता लगा सकता है। NISAR मिशन, जेपीएल/नासा के एल-बैंड रडार और सेक/ईसरो के एस-बैंड रडार को मिलाकर, स्पेस से हमारी धरती की अब तक की सबसे पूरी और साफ तस्वीर देता है। 30 जुलाई 2025 को लॉन्च होने वाला यह मिशन एडवांस्ड रडार का इस्तेमाल करता है जो बादलों या अंधेरे के पार देख सकता है। इससे हमें बदलते इकोसिस्टम, पिघलते ग्लेशियर और धरती के नीचे की हलचल के बारे में सही जानकारी मिलेगी जो अब तक नामुमकिन थी। यह सैटेलाइट धरती के हर कोने की तस्वीरें लेकर कुदरती आफतों का अंदाजा लगाने और क्लाइमेट चेंज के असर को समझने के हमारे तरीके में बडा बदलाव लाएगा। वैज्ञानिक समुदाय को इस बड़े डेटा का इस्तेमाल करने के लिए तैयार करने के लिए 27 मार्च 2026 को अहमदाबाद में ईसरो के स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (एसएसी) में एक नेशनल यूज़र मीट रखी गई है। इस इवेंट में भारत और अमेरिका के (नासा-जेपीए सहित) के करीब 300 एक्सपर्ट इस डेटा को जनता के लिए उपलब्ध कराने के प्लान को फाइनल करने के लिए एक साथ आएंगे। यह मीट सैटेलाइट के जटिल सिग्नल और उसके प्रैक्टिकल इस्तेमाल के बीच एक जरूरी कडी साबित होगी, ताकि रिसर्चर और स्टार्ट-अप इस जानकारी का इस्तेमाल एनवायरनमेंटल सॉल्यूशन खोजने के लिए कर सकें। यह मिशन ओपन डेटा और ओपन साइंस के एक नए युग की शुरुआत है, जहां स्पेस साइंस का सीधा फायदा आम आदमी को होगा। किसानों के लिए पानी की व्यवस्था से लेकर शहरी प्लानिंग में जमीन धंसने की समस्याओं को हल करने तक, ये टॉपिक ऐसे ऐप्स और सर्विसेज को पावर देंगे जो लोगों की जिंदगी और रोजी-रोटी की रक्षा करेंगे। अब जब निसार अपने शुरुआती टेस्टिंग फेज से बाहर आ रहा है, तो पूरी दुनिया पृथ्वी को एक नई और स्पष्ट नजरों से देखने के लिए तैयार है।

**CHANGE OF NAME**

I have changed my name from Old Name: DHANSUK BHAI RANCHOD BHAI AHIR to **New Name: DHANSUKHBHAI RANCHHODBHAI AHIR**, Resident of 649 BANDHADI,KALGAM,UMBERGAON,KALGAM,VALSAD,GUJARAT - 396140.

**The Daman & Diu State Co-operative Bank Ltd.**

For details, please scan

**Extension of last date of application up to 13.04.2026**

The Daman & Diu State Cooperative Bank Ltd., in furtherance to directions of NABARD, invites applications on plain paper with complete Bio-data from desirous candidates for hiring one "COOPERATIVE INTERNS" for a period of one year only for Diu District, on the terms and conditions contained in NABARD's circular dated 15.03.2024

Advt. no.2/2025-26
Published Date: 04.03.2026
Extension published date: 25.03.2026
Last Date of Form Submission: 13.04.2026

General Manager (HR/ADM), Head Office: H. No. 14/54, 1st Floor, Dilip Nagar, Nani Daman – 396210.
**E-mail:** adm@ddscbl.bank.in **Website:** https://ddscbl.bank.in




स्वामीः मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित। (समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)